**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या-213**
**उत्तर देने की तारीख-18/12/2023**

**दसवीं कक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ दिया जाना**

**†*213.डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को शिक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में किए गए इस विश्लेषण की जानकारी है कि लगभग 3.5 मिलियन विद्यार्थी दसवीं कक्षा में अपनी पढ़ाई बंद कर देते हैं;
(ख) सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत किए गए उपायों के बावजूद विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा जारी न रख पाने के क्या करण है;
(ग) विगत चार तिमाहियों के दौरान दसवीं कक्षा में विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने की दर का विषय-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) उच्च विद्यालय में नामांकित छात्रों की तुलना में शिक्षकों के अनुपात का विषय-वार ब्यौरा क्या है;
(ड.) विगत चार शैक्षणिक वर्षों के दौरान कक्षा दसवीं की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(च) विगत चार वर्षों के दौरान विद्यालयी शिक्षा के लिए राज्य-वार, विशेषकर तमिलनाडु में, आबंटित कुल निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्री**
**(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)**

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**दसवीं कक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ दिया जाना के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 18.12.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 213 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय दसवीं कक्षा के लिए बोर्ड-वार परीक्षा परिणाम संकलित करता है। परीक्षा परिणाम 2022 के डाटा के अनुसार, 1,89,90,809 लाख छात्र दसवीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 1,60,34,671 लाख छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए और 29,56,138 लाख छात्र ग्यारहवीं कक्षा में आगे बढ़ने में असफल रहे।

(ख): परीक्षा में छात्रों के असफल होने का कारण विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे स्कूल न जाना, स्कूलों में निर्देशों का पालन करने में कठिनाई, पढ़ाई में रुचि की कमी, प्रश्न पत्र की कठिनाई का स्तर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की कमी, माता-पिता, शिक्षकों और स्कूलों से समर्थन की कमी आदि। इसके अलावा, शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधीन हैं। केंद्र सरकार समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करती है, जिसे एनईपी 2020 के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए भी संरखित किया गया है कि सभी बच्चों को एक समान और समावेशी कक्षा वातावरण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्राप्त हो, जिसमें उनकी विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं, विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ख्याल रखा जाना चाहिए और उन्हें अधिगम की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में नामांकन में सुधार के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है, जिसमें वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक नए स्कूल खोलना/मजबूत करना, स्कूल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, 12वीं कक्षा तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की स्थापना, उन्नयन और संचालन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय नामक आवासीय स्कूलों/छात्रावासों की स्थापना, परिवहन भत्ता, नामांकन अभियान चलाना, मौसम अनुरूप छात्रावास/आवासीय शिविर, व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान और स्कूलों में आईसीटी सुविधाएं आदि शामिल हैं, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सहायता और उपकरणों हेतु वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

साथ ही, एनईपी 2020 ने सभी शैक्षणिक संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत करने की सिफारिश की है। समग्र शिक्षा योजना के व्यावसायिक शिक्षा घटक के तहत, पात्र स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) अनुरूप व्यावसायिक पाठ्यक्रम पेश किए जाते हैं। माध्यमिक स्तर पर, अर्थात कक्षा 9 और 10 में, छात्रों को एक अतिरिक्त विषय के रूप में व्यावसायिक मॉड्यूल की पेशकश की जाती है। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर, अर्थात कक्षा 11 और 12 में, व्यावसायिक पाठ्यक्रम एक अनिवार्य (वैकल्पिक) विषय के रूप में पेश किए जाते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कौशल अंतर विश्लेषण के अनुसार 22 क्षेत्रों में 88 नौकरी

भूमिकाओं का विकल्प चुन सकते हैं। एनईपी-2020 कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ), मल्टीपल एंट्री/एग्जिट आदि की शुरुआत की गई है।

(ग): बोर्ड-वार परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष संकलित किया जाता है और पिछले चार वर्षों के दौरान दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होने वाले छात्रों का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(घ): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए स्कूली शिक्षा के संकेतकों पर डेटा रिकॉर्ड करने के लिए शिक्षा प्लस (यूडाइज +) के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली विकसित की है। यूडाइज + के अनुसार, वर्ष 2021-22 के लिए माध्यमिक स्तर पर छात्र शिक्षक अनुपात 16 है।

(ड): पिछले चार वर्षों में दसवीं कक्षा के छात्रों की ड्रॉपआउट दर का राज्य-वार (यूडाइज+) विवरण अनुलग्नक-II में है और पिछले चार वर्षों में बोर्ड-वार दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण नहीं होने वाले छात्रों का विवरण अनुलग्नक-I में है।

(च): पिछले चार वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित स्कूली शिक्षा के लिए आवंटित कुल निधि अनुलग्नक-III में दी गई है।

*****

अनुलग्नक-I

**दसवीं कक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ दिया जाना के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 18.12.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 213 के भाग (ग) और (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

पिछले चार वर्षों के दौरान बोर्ड-वार दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए छात्र

| क्र. सं. | बोर्ड का नाम | बोर्ड का विवरण | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली | केंद्रीय (नियमित) | 109800 | 100812 | 31196 | 117308 |
| 2 | भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद, नई दिल्ली | | 2418 | 1267 | 45 | 57 |
| 3 | राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान | केंद्रीय (मुक्त) | 135386 | 70247 | 11139 | 55365 |
| 4 | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आंध्र प्रदेश | राज्य-बोर्ड (नियमित) | 11664 | 0 | 0 | 69941 |
| 5 | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड असम | | 122727 | 120440 | 16761 | 168063 |
| 6 | राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, असम | | 125 | 282 | 187 | 1471 |
| 7 | विद्यालय परीक्षा समिति, पटना, बिहार | | 202392 | 149635 | 210332 | 348882 |
| 8 | राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड बिहार | | 20029 | 5895 | 3771 | 2390 |
| 9 | संस्कृत शिक्षा बोर्ड,पटना बिहार | | 4162 | 114 | 1301 | 4332 |
| 10 | छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल | | 111145 | 101376 | 0 | 85267 |
| 11 | छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड, रायपुर | | 20 | 11 | 4 | 8 |
| 12 | छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम, रायपुर | | 24 | 12 | 0 | 8 |
| 13 | गोवा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | | 1262 | 1164 | 65 | 1241 |
| 14 | गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | | 281958 | 315339 | 12118 | 245627 |
| 15 | हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड | | 155321 | 118743 | 0 | 86484 |
| 16 | हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड | | 38258 | 29668 | 151 | 10947 |
| 17 | जम्मू और कश्मीर राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड | | 156755 | 85538 | 14397 | 33121 |
| 18 | झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल, रांची | | 109824 | 96132 | 17579 | 16495 |
| 19 | कर्नाटक, माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड | | 102412 | 229676 | 2 | 178054 |
| 20 | केरल सार्वजनिक परीक्षा बोर्ड | | 2658 | 1330 | 320 | 649 |
| 21 | माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश | | 444158 | 419723 | 1007 | 398039 |
| 22 | महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल (मध्य प्रदेश) | | 1262 | 97 | 30 | 967 |
| 23 | महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | | 357661 | 115131 | 1681 | 49135 |
| 24 | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मणिपुर | | 5703 | 8239 | 0 | 9418 |
| 25 | मेघालय स्कूल शिक्षा बोर्ड | | 22150 | 24876 | 24391 | 24675 |
| 26 | मिजोरम स्कूल शिक्षा बोर्ड | | 5085 | 5643 | 3004 | 5054 |
| 27 | नागालैंड स्कूल शिक्षा बोर्ड | | 6906 | 6712 | 7218 | 10216 |
| 28 | राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली | | 67 | 0 | 0 | 31 |
| 29 | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, ओडिशा | | 138462 | 90908 | 12115 | 8944 |
| 30 | पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड | | 127767 | 2229 | 3267 | 7171 |
| 31 | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान | | 193128 | 165276 | 1749 | 179785 |
| 32 | वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान | | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड तमिलनाडु | | 74858 | 28319 | 22101 | 181564 |
| 34 | सरकारी परीक्षा निदेशालय, तेलंगाना राज्य | | 27458 | 11 | 0 | 12325 |
| 35 | त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | | 15113 | 17077 | 0 | 3818 |
| 36 | माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश | | 565937 | 463853 | 1719 | 297763 |
| 37 | यूपी दयालबाग शिक्षा संस्थान | | 3 | 0 | 2 | 0 |
| 38 | यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा बोर्ड | | 2758 | 598 | 359 | 1978 |
| 39 | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | | 323 | 46 | 38 | 9 |
| 40 | उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड | | 34612 | 37195 | 109 | 28803 |
| 41 | उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद | | 25 | 20 | 6 | 83 |

| क्र. सं. | बोर्ड का नाम | बोर्ड का विवरण | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | | 173703 | 160293 | 0 | 148840 |
| 43 | पश्चिम बंगाल मदरसा शिक्षा बोर्ड | | 10666 | 7655 | 6 | 8726 |
| 44 | आंध्र प्रदेश मुक्त विद्यालयी सोसायटी | राज्य-बोर्ड (मुक्त) | 7504 | 202 | 103 | 15174 |
| 45 | छत्तीसगढ़ राज्य मुक्त विद्यालय | | 25491 | 7284 | 4001 | 17057 |
| 46 | म.प्र. राज्य मुक्त विद्यालयी शिक्षा बोर्ड, भोपाल | | 68575 | 80183 | 8111 | 80592 |
| 47 | ओपन स्कूल बोर्ड, पंजाब | | 32593 | 16024 | 956 | 4087 |
| 48 | राजस्थान राज्य मुक्त विद्यालय | | 43294 | 38246 | 47112 | 31714 |
| 49 | तेलंगाना मुक्त विद्यालयी सोसायटी, हैदराबाद | | 36576 | 108 | 8 | 2394 |
| 50 | पश्चिम बंगाल रवीन्द्र मुक्त विद्यालयी शिक्षा परिषद | | 8989 | 1018 | 1412 | 2066 |
| कुल | | | **3999168** | **3124647** | **459873*** | **2956138** |

**स्रोत: माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं के परिणाम**

* वर्ष 2021 के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण, अधिकांश बोर्डों द्वारा कोई परीक्षा आयोजित नहीं की गई और छात्रों को अगले स्तर पर पदोन्नत कर दिया गया।

अनुलग्नक-II

**दसवीं कक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ दिया जाना के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 18.12.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 213 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**पिछले 4 वर्षों में दसवीं कक्षा की ड्रॉपआउट दर**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 25.0 | 2.55 | 9.8 | 5.9 |
| आंध्र प्रदेश | 28.9 | 25.76 | 31.3 | 28.3 |
| अरुणाचल प्रदेश | 51.0 | 38.53 | 19.9 | 17.0 |
| असम | 44.0 | 45.63 | 47.0 | 28.3 |
| बिहार | 53.7 | 43.92 | 41.6 | 42.1 |
| चंडीगढ़ | 0.0 | 0.00 | 0.0 | 0.0 |
| छत्तीसगढ | 21.7 | 19.41 | 23.4 | 12.3 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 28.0 | 28.23 | 29.1 | 9.8 |
| दमन और दीव | 29.0 | 22.46 | - | - |
| दिल्ली | 10.7 | 8.25 | 0.8 | 1.3 |
| गोवा | 1.7 | 4.87 | 5.3 | 12.4 |
| गुजरात | 38.6 | 36.09 | 42.6 | 28.2 |
| हरियाणा | 28.0 | 23.06 | 19.1 | 7.4 |
| हिमाचल प्रदेश | 10.7 | 6.86 | 13.5 | 2.5 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 21.6 | 24.96 | 2.4 | 9.5 |
| झारखंड | 32.3 | 21.86 | 20.2 | 15.8 |
| कर्नाटक | 42.6 | 29.25 | 30.6 | 28.5 |
| केरल | 17.2 | 15.15 | 13.7 | 11.2 |
| लद्दाख | - | - | 6.7 | 7.8 |
| लक्षद्वीप | 2.3 | 0.31 | 0.0 | 0.2 |
| मध्य प्रदेश | 26.4 | 27.95 | 29.2 | 9.8 |
| महाराष्ट्र | 19.3 | 24.42 | 18.7 | 20.4 |
| मणिपुर | 20.5 | 14.82 | 16.2 | 0.0 |
| मेघालय | 36.0 | 32.43 | 43.2 | 33.5 |
| मिजोरम | 21.6 | 32.11 | 31.5 | 21.5 |
| नागालैंड | 38.0 | 21.34 | 27.2 | 23.4 |
| ओडिशा | 12.8 | 38.35 | 39.4 | 49.9 |
| पुदुचेरी | 18.4 | 9.75 | 11.1 | 10.7 |
| पंजाब | 16.6 | 11.38 | 25.5 | 20.6 |
| राजस्थान | 18.9 | 18.00 | 17.2 | 12.1 |
| सिक्किम | 24.2 | 22.80 | 12.7 | 10.1 |
| तमिलनाडु | 16.7 | 14.15 | 11.8 | 9.0 |
| तेलंगाना | 26.9 | 25.84 | 30.2 | 27.4 |
| त्रिपुरा | 38.6 | 33.96 | 26.9 | 3.8 |
| उत्तर प्रदेश | 18.7 | 14.24 | 15.4 | 9.2 |
| उत्तराखंड | 31.9 | 28.26 | 25.5 | 18.2 |
| पश्चिम बंगाल | 22.0 | 16.78 | 16.5 | 14.9 |
| भारत | 28.4 | 26.00 | 25.4 | 20.6 |

*****

अनुलग्नक-III

**दसवीं कक्षा में पढ़ाई बीच में छोड़ दिया जाना के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 18.12.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 213 के भाग (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**पिछले चार वर्षों के दौरान समग्र शिक्षा के लिए प्रस्तावित केंद्रीय विमुक्तियां**

| समग्र शिक्षा (प्रस्तावित केन्द्रीय विमुक्त्यिां) (रुपये लाख में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 4734.98 | 5545.59 | 5637.45 | 7402.1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 129474.97 | 134853.54 | 134853.54 | 171258.59 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 44313.85 | 44215.86 | 44215.86 | 53369.59 |
| 4 | असम | 184896.66 | 197702.88 | 197702.88 | 251460.08 |
| 5 | बिहार | 367391.02 | 382755.00 | 382755.00 | 501887.29 |
| 6 | चंडीगढ़ | 9751.34 | 9552.71 | 10024.09 | 12422.81 |
| 7 | छत्तीसगढ | 103957.75 | 88790.33 | 88790.33 | 113833.06 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली दमन और दीव | 6409.23 | 6717.80 | 6740.66 | 8793.65 |
| 9 | दिल्ली | 30263.61 | 31521.04 | 31521.05 | 37727.38 |
| 10 | गोवा | 1786.63 | 1861.00 | 1861 | 2985.77 |
| 11 | गुजरात | 138301.52 | 104183.92 | 100974.38 | 137120.75 |
| 12 | हरियाणा | 77592.51 | 85755.82 | 82538.73 | 96350.03 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 55834.57 | 58166.16 | 58166.16 | 73808.17 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 179414.26 | 147213.74 | 132021.74 | 165059.67 |
| 15 | झारखंड | 99401.58 | 90018.00 | 90018 | 116768.12 |
| 16 | कर्नाटक | 77908.31 | 70761.11 | 70761.11 | 100494.06 |
| 17 | केरल | 24215.62 | 25221.99 | 25221.99 | 34847 |
| 18 | लद्दाख | 4225.00 | 10203.97 | 9999.72 | 12349.12 |
| 19 | लक्षद्वीप | 828.45 | 826.16 | 573.33 | 786.86 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 282823.63 | 294630.92 | 294630.92 | 372787.9 |
| 21 | महाराष्ट्र | 101622.31 | 101370.47 | 101370.47 | 159289.59 |
| 22 | मणिपुर | 36806.08 | 38242.09 | 37042.52 | 49418.88 |
| 23 | मेघालय | 34865.4 | 42339.28 | 30584.23 | 37515.29 |
| 24 | मिजोरम | 19639.61 | 23310.22 | 22559.99 | 32308.05 |
| 25 | नागालैंड | 24622.93 | 25624.49 | 21808.76 | 28104.5 |
| 26 | उड़ीसा | 189483.85 | 149745.39 | 145334.43 | 184107.55 |
| 27 | पुदुचेरी | 1453.68 | 1514.00 | 1514 | 1987.3 |
| 28 | पंजाब | 52179.23 | 57209.85 | 54353.29 | 71906.33 |
| 29 | राजस्थान | 319075.5 | 273019.53 | 273019.53 | 345219.75 |
| 30 | सिक्किम | 9616.96 | 12749.33 | 12249.29 | 15176.05 |
| 31 | तमिलनाडु | 180173.13 | 164996.07 | 164996.07 | 211759.9 |
| 32 | तेलंगाना | 109524.69 | 88061.36 | 88061.36 | 114385.92 |
| 33 | त्रिपुरा | 31211.13 | 42642.69 | 31820.19 | 38741.08 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 560934.86 | 553308.53 | 512311.24 | 626179.97 |
| 35 | उत्तराखंड | 81815.77 | 78773.29 | 67262.62 | 84444.06 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 163525.32 | 133877.32 | 133877.32 | 177338.04 |
| | कुल | **3740075.94** | **3577281.45** | **3467173.25** | **4449394.26** |

*****